संक्षिप्त

जितेन्द्र सिंह बने डी.एस.पी.

जितेन्द्र सिंह

टोंक, (निसं)। शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण का सीआई से पुलिस उप-अधीक्षक पदोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर चारण को बधाई दी। जानकारी के अनुसार राज्य के गृह विभाग द्वारा शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण का इन्सपेक्टर से पुलिस उप-अधीक्षक के प्रमोशन का आदेश जारी होने के बाद उन्हें बधाईयां देने वालों का तांता लग गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने चारण की पदोन्नित पर उनके वर्दी पर स्टार लगाकर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

अनुज शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

अनुज शर्मा

कोटपूतली, (निसं)। गौड़ सनाढ्य फाउण्डेशन राजस्थान के प्रदेश संयोजक पं.सूर्यकान्त शर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश महासचिव विनोद कुमार शर्मा ने कस्बे के बानसूर रोड स्थित गोकुल सरोवर द्वितीय निवासी अनुज कुमार शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा की नियुक्ति पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड, नवरतन शर्मा, बजरंग लाल शर्मा एडवोकेट, नवल शर्मा व जन सेवक मुकेश गोयल ने बधाई दी है।

राजस्थान विकलांग मंच की बैठक आज

टोंक, (निसं)। राजस्थान विकलांग मंच द्वारा 13 फरवरी मंगलवार को प्रात: 11 बजे गांधी पार्क में बैठक आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष राजेश दाधीच ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा होगें। बैठक में दिव्यांगों की समस्याओं पर चर्चा व अधिकारों के बारे में जानकारी दी जायेगी। तत्पश्चात रैली के रूप में कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा।

7 दिन बाद महिला का शव निकला

बौंली-बामनवास, (निसं)। रामनगर ढोसी की बैरवा ढाणी के बोरवेल में मंगलवार को गिरी मोनिका बैरवा 26 वर्ष का शव 7 दिन के 135 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम को सफलता मिल गई है। टीम ने पुलिस व प्रशासन की मदद से सोमवार को करीब 12:30 बजे मोनिका के शव को बाहर निकाल बामनवास के चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पति सुरेश एवं अन्य परिजनों की उपस्थिति में बामनवास चिकित्सालय में मेडिकल टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। महिला की हत्या, आत्महत्या या अन्य दुर्घटना की जानकारी पुलिस द्वारा की जा रही है।

छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

दूदू, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय सभागार में सोमवार को छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट इमरान खान मंसूरी द्वारा विधिक साक्षरता में महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाकर घरेलू हिंसा अधिनियम महिलाओं की तस्करी नागरिक सुरक्षा अधिनियम तथा महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन से संबंधित समस्याओं की ओर छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर संदीप आर्य, डॉ मुकेश शर्मा, डॉक्टर रजनी शर्मा, उमा बारेठ ने भी महिलाओं के अधिकारों व कर्तव्य के प्रति विस्तार से जानकारी दी।

चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह कस्बे के वार्ड नम्बर 14 के अंसारी मौहल्ले में सूने मकान को शातिर चोरों ने निशाना बना चोरी की वारदात को अंजाम दिया। टोडारायसिंह निवासी अय्युब फोजी व उसका बेटा भारतीय सेना में मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी का फर्ज निभा रहे है। परिवार के लोग बाहर गये हुये थे। सूने मकान की रैंकी कर चोरों ने मकान व अलमारियों के ताले तोड कपडे, नगदी सहित अन्य सामान चुरा ले गये। मौहल्लेवासियों की सूचना पर पहुंची टोडारायसिंह थाना पुलिस मौका मुआयना कर परिवारजनों को सूचना दी। मकान मालिक के पहुंचने के बाद ही मकान में चोरी का वास्तविक आंकडा सामने आयेगा।

पी.एच.ई.डी. मंत्री व कृषि मंत्री ने 234 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास किया

- दौसा जिले के 161 गांवों को बड़ी सौगात, 234 करोड़ की लागत से मुख्य पंप हाउस का शिलान्यास
- ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना में 4 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा
- 36 हजार से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिये जाएंगे

जलदाय मंत्री कन्हैया लाल व कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा और विधायक राजेन्द्र मीणा ने मौजपुर और गोहंडी में ईशरदा परियोजना के 234 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया।

दौसा, (निसं)। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल, कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा और विधायक राजेन्द्र मीणा ने मौजपुर और गोहंडी में ईशरदा परियोजना के 234 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि दौसा जिले के 161 गांवों एवं दो कस्बों की 4 लाख जनसंख्या को वर्ष 2054 तक अभिकल्पित आबादी को ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके तहत 36 हजार से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिये जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन हर घर नल- हर घर जल को राजस्थान के घरों में पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मंत्री चौधरी दौसा जिले के मौजपुर एवं गोहन्दी मीना गांव में पंप हाउस के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जलदाय मंत्री एवं ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने 234 करोड़ की लागत से बनने वाले पंप हाउस निर्माण का शिलान्यास किया। जलदाय मंत्री ने कहा कि मौजपुरा पंप हाउस बनने से 13 लाख लीटर जल ईसरदा बांध से इसमें संकलित किया जाएगा। जबकि गोहन्दी मीना पंप हाउस में 14 लाख लीटर जल का संकलन होगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में जनता का पैसा लुटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार है और जनता के काम तेज गति से होंगे। उन्होंने कहा कि आज के शिलान्यास से जनवरी-2025 तक इससे जुडने वाले गांवों में हर परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ईआरसीपी की संशोधित डीपीआर बना रही है। इस योजना के धरातल पर उतरने से 21 जिलों को सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा मिलेगी तथा बाणगंगा में जल छोड़ा जाएगा ताकि आसपास के इलाके का जल स्तर बढ़ सके।

भाजपा पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया

देवली, (निसं)। सत्र 2024-25 के बजट पेश में भाजपा पार्षदों ने पालिका बोर्ड अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया है। सोमवार को यहां प्रात:11 बजे नगरपालिका सभागार में साधारण सभा की बैठक बुलाई गई।

बैठक में नगरपालिका बोर्ड एवं प्रशासन द्वारा सत्र 2024-25 का बजट पेश किया गया। भाजपा पार्षदों ने अपनी असंतुष्टि दर्शाई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक हरीश मीणा भी उपस्थित रहे। बजट सत्र बैठक में भाजपा पार्षद संजय सिंघल और छाया चौधरी ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक और पालिका ईओ की मौजूदगी में पालिका अध्यक्ष ने मात्र एक मिनट के बीच दो पार्षदों के अनुमोदन पर 61 करोड़ का बजट प्रस्ताव पारित कर दिय। भाजपा पार्षदों का मानना है कि बजट पारित प्रक्रिया में पालिका अध्यक्ष की मनमानी बनी रही। इसलिए कुछ मिनट के बाद पालिका अध्यक्ष ने बजट बैठक समाप्ति की घोषणा कर दी। ऐसे हालातो पर भाजपा महिला पार्षद छाया चौधरी और संजय सिंघल ने बताया कि पालिका बोर्ड अध्यक्ष ने बजट सत्र बैठक में यह जानकारी नहीं दी की शहर के विकास के नाम पर कितने करोड़ का बजट तैयार किया है एवं किन कार्यों पर करोडों का खर्च किए जाने की तैयारी की गई है।

भाजपा पार्षद संजय सिंघल ने इस बजट पेश प्रक्रिया को अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक करार दिया है। भाजपा पार्षद छाया चौधरी, संजय सिंघल ने आरोप लगाया कि 2024-25 के पारित बजट बैठक में सम्मिलित प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा होनी चाहिए थी। जो पालिका बोर्ड अध्यक्ष की मनमानी पर नहीं हो सकी। भाजपा पार्षदों ने यह भी बताया कि अध्यक्ष की हठधर्मिता और मनमानी से नाराज पार्षद छाया चौधरी एवं संजय सिंघल ने मुख्यमंत्री के नाम डाक पत्र भेजकर उक्त मामले की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पालिका में हुई साधारण सभा की आयोजित बैठक में लगभग 61 करोड रुपए का बजट शहर के विकास के नाम पारित हुआ है।

आपस में भिड़े शिक्षक, ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर ताला लगाया

- डीईओ व एडीओ की समझाइश पर ग्रामीणों ने खोला ताला
- अधिकारियों ने स्टाफ व विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों के लिये बयान

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के अलियारी गांव में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा छोटी सी बात को लेकर आपस में उलझते हुये शिक्षा के मंदिर को अखाडा बना देने तथा सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की चौपट हो रही शिक्षण व्यवस्था से गुस्साऐं ग्रामीणों ने सोमवार को विद्यालय के गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गये।

विद्यालय में शिक्षकों के बीच झगडा व ग्रामीणों द्वारा तालाबंदी व धरना देने की मिली जानकारी पर सोमवार की दोपहर बाद अलियारी पहुंचे डीईओ मीना सांडीवाल टोंक व एडीओ सीताराम साहु सहित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश चौपडा ने विद्यालय के स्टाफ व विधार्थियों सहित ग्रामीणों के बयान ले मामले की जानकारी जुटाई। मौजूद ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष कडी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रधानाचार्य धन्नालाल आये दिन किसी न किसी सरकारी काम का हवाला देकर विद्यालय से नदारद रहते है। शिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ विद्यालय के प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं देने से विद्यालय स्टाफ पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है। शिक्षक छोटी-छोटी बातों को लेकर तथा अपने आपसी मनमुटाव को लेकर आये दिन लडाई-झगडा कर विद्यालय का वातावरण खराब करने से बच्चों के भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। दो दिन पूर्व विद्यालय में शारीरिक शिक्षक शंकर जाट व वरिष्ठ अध्यापक सत्यनारायण साहु के बीच हुये झगडे में एक शिक्षक के सिर पर चोट भी लगी। विद्यालय की अव्यवस्थाओं में सुधार के लिये संस्था प्रधान द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया।

यहां तक की विद्यालय विकास समिति एवं प्रबंधन समिति के लोगों ने भी आये दिन विद्यालय में शिक्षकों के बीच होने वाले विवाद की कई बार शिकायते की। पोषाहार सहित विद्यालय के कक्षा-कक्षों में चाक व डस्टर सहित ब्लैक बोर्ड तक की माकूल व्यवस्थाऐं नहीं होने से शिक्षण व्यवस्थाऐं चोपट होने की शिकायते सामने आई। एडीओ सीताराम साहु ने बताया कि सोमवार को तालाबंदी की जांच करने पहुंचे तो प्रधानाचार्य सहित आधे से ज्यादा स्टाफ छुट्टी पर अथवा अवकाश पर होना सामने आया। दोनो शिक्षकों को पाबंद कर नोटिस जारी किया जायेगा तथा प्रधानाचार्य की अनियमितता की रिपोर्ट तैयार कर डायरेक्टर कार्यालय भेजी जायेगी।

मुख्य रास्ते में गंदा पानी भरने से ग्रामीणों में रोष

कस्बे के वार्ड 25 में स्थित गुवारियों के मोहल्ले के मुख्य रास्ते में इन दिनों गंदा पानी भरने से लोगों का आवागमन बंद है।

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के वार्ड 25 में स्थित गुवारियों के मोहल्ले के मुख्य रास्ते में इन दिनों गंदा पानी भरने से लोगों का आवगमन बंद है। इससे स्थानीय लोगों में ग्राम पंचायत के प्रति रोष बना हुआ हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से गुवारियों के मोहल्ले के मुख्य रास्ते में पानी की निकासी नहीं होने से रास्ते में गंदा पानी भरा हुआ हैं। कई बार ग्राम पंचायत सरपंच मन्नी देवी को इस समस्या के बारे में अवगत कराया लेकिन आज भी स्थिति जस कि तस बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता चीमा की ढाणी, मोती की ढाणी, बाईपास सड़क मार्ग को जोड़ता हैं लेकिन रास्ते में पानी भरने से काफी समय से राहगीर व स्कूली बच्चों का आवगमन बंद हैं।

मुख्य रास्ते की स्थिति काफी ख़राब होने से कई बार मोटरसाइकिल चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं लेकिन फिर भी प्रशासन व ग्राम पंचायत का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जल्दी ही रास्ते की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जायेंगा। इधर ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जल्द मुख्य रास्ते में भरे पानी की समस्या को देखकर निस्तारण किया जायेंगा।

लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें: कलेक्टर

- कलेक्टर ने ली विभागीय एवं आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक

कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कानून व्यवस्था, विभागीय एवं आवश्यक सेवाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में करने, समय पर कार्यालय में उपस्थित होने, जिला स्तर, उपखंड, पंचायत समिति व ग्राम पंचायत स्तर के समस्त अधिकारियों को कार्य दिवस के प्रतिदिन निर्धारित समय में जनसुनवाई करने व 100 दिवसीय कार्य योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने केन्द्र व राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग व सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का निश्चित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिये साथ ही समस्त अधिकारियों को अपने-अपने विभागों का नियमित तौर पर निरीक्षण करने, सभी विभागाधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालय में एक मूवमेंट रजिस्टर मेंटेन करें जिससे सभी अधीनस्थ अधिकारी तथा कर्मचारियों के मोमेंट पर नजर रखी जा सके।

बैठक में एडीएम योगेश कुमार डागुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ. निर्मल कुमार जैन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के उपनिदेशक सुनील मीणा, जिला जनसम्पर्क अधिकारी नितिन कुमार, डीएसओ बनवारी लाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई करें, खामियां दुरुस्त करावें : कलेक्टर

- कलेक्टर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षा बैठक

अलवर कलेक्टर आशीष गुप्ता ने बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों एवं महत्वपूर्ण विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों एवं महत्वपूर्ण विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए कि समन्वय के साथ सार्वजनिक सेवाओं को सुगमता से संचालित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी सौ दिवसीय कार्ययोजना के तहत चिन्हित कार्यों एवं योजनाओं में प्रगति लावे साथ ही अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। अनुपस्थिति पाए जाने वाले कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करें एवं निरीक्षण के दौरान जो भी खामियां मिले उनको दुरुस्त करावें। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि विज्ञान संकाय की सभी शर्तें पूरी करने वाले उच्च माध्यमिक विद्यालयों की सूची बनाकर इन विद्यालयों में विज्ञान संकाय खुलवाने के प्रस्ताव विभाग को भिजवाये। जिन विद्यालयों में पेयजल की समस्या आ रही है उनमें ग्राम पंचायत व जलदाय विभाग से समन्वय कर तत्कालीन व स्थाई समाधान की दिशा में कार्य करे।

उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूलों के मैदान पर अतिक्रमण है उनकी सूची भिजवाये एवं संबंधित उपखंड अधिकारी से समन्वय कर अतिक्रमण हटवाए साथ ही जिन स्कूलों के शौचालय अच्छी स्थिति में रहे तथा उनका रखरखाव उचित ढंग से करावें। उन्होंने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव हेतु जिले के शेष रहे मवेशियों को 15 मार्च तक वैक्सीन लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि जिला मुख्यालय पर विभाग के नए छात्रावास आदि के प्रस्ताव विभाग को भिजवाये तथा उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर तुलेडा में स्वीकृत छात्रावास के लिये भूमि चिन्हित करावें। उन्होंने राजीविका की डीपीएम को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज में राजीविका की स्वयं सहायता समूह द्वारा केन्टीन खुलवाये।

उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित व गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने स्टार मार्क प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए स्टार मार्क प्रकरण तत्काल निदानात्मक प्रवृत्ति के प्रकरण होते है इनके निराकरण में स्थिलता नही बरते। उन्होंने निर्देश दिये कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत लग रहे कैम्पों में सभी संबंधित विभाग उस क्षेत्रा के सभी पात्रा लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोडना सुनिश्चित करें।

35.49 करोड़ का बजट पारित

राजगढ, (निसं)। नगर पालिका बोर्ड की बैठक अध्यक्ष सतीश दुहारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2024 -25 के लिए 35करोड 49 लाख 59 हजार का बजट पारित हुआ। इससे पूर्व विगत एक वर्ष में राजगढ नगर पालिका क्षेत्र में सफाई रोशनी सहित अन्य कार्य सुचारू नहीं होने का मुद्दा पार्षदों ने उठाया। पार्षद गोपाल सोनी आर एन मीणा, बेनी प्रसाद सैनी, गोविंद गुप्ता, गोमती देवी, प्रीति शर्मा, दिनेश कुमार एवं अन्य पार्षदों ने सफाई रोशनी सहित वार्ड में विकास कार्य नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्षद राजेंद्र चेयरवाल ने बैठक नियम के मुताबिक नहीं होने का आरोप लगाया। इस पर अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि बैठक नियम के मुताबिक है। विगत वर्ष में राजनीतिक उठा पटक के चलते राजगढ नगर पालिका क्षेत्र में सफाई रोशनी सहित अन्य कार्य प्रभावित हुए हैं। इस वर्ष सभी वार्डों में सफाई रोशनी के पुख्ता प्रबंध के साथ प्राथमिकता से विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मौसमी बाई गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता छोटेलाल, पार्षद गीता देवी, धर्मचंद सैनी, अंजू बाला, गौरव कसेरा, प्रेम नारायण, कालूराम सैनी, प्रीति शर्मा, अलका सैनी, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

बच्चों को यूनिफॉर्म वितरण

टोंक, (निसं)। आंगनबाड़ी केन्द्र 63 इन्दरा मोव्यानी व केन्द्र सं. 27 खपलता सोनी के केन्द्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों को वार्ड पार्षद ज्योति सोनी व महिला बाल विकास पर्यवेक्षक शगुफ्ता खांन, अभिभावक व सामुदायिक द्वारा बच्चों को यूनिफॉर्म वितरण की गई। यूनिफॉर्म को देखकर बच्चों में उत्साह देखा गया।

मुख्यमंत्री का गोविंदपुरा में कार्यक्रम आज, तैयारियां जोरों पर

अमरसर, (निसं)। नजदीकी ग्राम गोविंदपुरा बासडी में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद रोहिताश लांबा के प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारी जोर-जोर से चल रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य सहित कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 13 फरवरी मंगलवार को सुबह 11:15 बजे शहिद की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। सोमवार की शाम को भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा और जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी शाहपुरा ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर शहीद परिवार व शहीद पिता बाबूलाल लांबा व छोटे भाई जितेंद्र लांबा से तैयारी के बारे में जानकारी लेकर सभा स्थल का जायजा लिया। इस दौरान गुड्डू सैनी, ताराचंद चौधरी, बलराम दून बाबूलाल दून सहित दर्जनों भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में 95 जनों ने रक्तदान किया

सांभरझील, (निसं)। दूदू रोड स्थित मालियों की धर्मशाला में अनेक संतों की मौजूदगी में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 95 जनों ने रक्तदान किया। झुरकी देवी पत्नी स्वर्गीय कंवरलाल बंजारा की स्मृति में आयोजित निशुल्क चिकित्सा जांच व रक्तदान शिविर का शुभारंभ नरैना दादूधाम पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज, चोमूं के बजरंगदास महाराज, देवयानी के मनमोहन दास, कुशाल भारती महाराज, गोवर्धन नाथ मंदिर के जुगलदास महाराज, कुंड की कोठी के लक्ष्मणदास महाराज के कर कमलों से किया गया। शिविर में 276 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क जरूरतमंदों को दवाईयां भी उपलब्ध करवाई गई। शिविर में यूरोलॉजी, स्त्री व प्रसूति रोग, विशेषज्ञ, हृदय रोग, हड्डी व जोडों के रोग, आंख, कान व गला रोग जुडी अनेक बीमारियों का निदान भी किया गया। सभी रक्त दाताओं को बंजारा परिवार की तरफ से साधु-संतों के कर कमलों से स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजक दिनेश बंजारा ने बताया कि इस मौके पर आकाश बंजारा, अनिल टेलर, अशोक शर्मा शंकर सैनी, संतोष जैन, हितेश शर्मा, पूनमचंद्र चौधरी, जीतू पारीक, राकेश परेवा का शिविर में विशेष सहयोग व योगदान रहा।

ट्रक के नीचे आई स्कूटी सवार की मौत

राजगढ, (निसं)। कस्बे के सराय बाजार में स्कूटी सवार युवती की ट्रक के नीचे आने से दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के सराय बाजार में ट्रक के नीचे स्कूटी सवार युवती आ गई। गंभीर घायल युवती को राजगढ के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिसकी अस्पताल पहुंचते ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को राजगढ चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा गया है। मृतक युवती काजल बाई 24 वर्ष पुत्री बच्चू राम मीणा निवासी कानेटी थी। दुर्घटना में हादसे का शिकार लडकी की शादी 18 फरवरी को होनी थी। इधर अस्पताल में इस घटना को लेकर सन्नाटे का आलम रहा। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है। इस हादसे की अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

होटल में जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। पावटा स्थित एक होटल में रविवार रात प्रागपुरा थाना पुलिस ने जुआ खेलते 10 लोगों को गिरफ्तार कर जुए की रकम 3 लाख 15 हजार 360 रुपए भी जब्त किये। जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाये जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेमसिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आसूचना संकलन कर व मुखबीर की सूचना पर एक होटल के अंदर ताश के पत्तो से रुपए दाव लगाकर जुआ खेलते हुए गंगाराम 45 साल, विजय 45 साल, राजेंद्र 36 साल, संजय 33 साल, हंसराज 30 साल, राजेंद्र 30 साल, अरुण 30 साल, विजय 40 साल, सोमवीर 27 साल, बजरंग 42 साल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख 15 हजार 360 रुपए व 52 ताश के पत्ते जप्त किये गए है।

पावटा में बेसहारा गोवंश का जमावड़ा

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के शहर में हर चौराहे पर बेसहारा पशुओं की भरमार है। बेसहारा पशुओं के झगडने पर कई बार कोई ना कोई व्यक्ति बेसहारा पशुओं के हमले से घायल हो रहा है लेकिन नगरपालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पशुओं के आतंक की वजह से शहरवासी खासे परेशान हैं। नगरपालिका की ओर से इन पशुओं की धरपकड को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के कारण आए दिन शहरवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड रहा है। पावटा कस्बे के सुभाष चौक से लेकर होली चौक, घंटाघर चौक, सर्विस रोड की सडके, राजमार्ग तक पशुओं का जमावडा लगा रहता है। वही सडक के बीचों बीच बैठे इन पशुओं से वाहन चालकों को ही नहीं, बल्कि पैदल राहगीरों को भी परेशानी उठनी पडती है। कई बार इन पशुओं के आपस में लडने के कारण वाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो जाते हैं।

किसान सभा का आयोजन

खैरथल, (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत सरकार की ओर से भारतरत्न से अलंकृत करने की घोषणा की खुशी में किसान सभा का आयोजन किया गया। किसान विकास समिति परगना जिन्दोली की ओर से मुख्यालय ततारपुर चौराहे पर आयोजित किसान सभा में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। किसान विकास समिति के अध्यक्ष धर्मसिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई सभा में संरक्षक गोकुल राम गुरुजी, संस्थापक सदस्य मांगेराम चौधरी,वीर सिंह ढिल्लन, ततारपुर के सरपंच सुखराम चौधरी द्वारा चौधरी चरण सिंह एवं स्वामीनाथन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा कृषि और किसानों की भलाई के लिए किये गए अभूतपूर्व कार्यों की जानकारी दी। इसके अलावा अलावा सभा में रामलाल चौधरी, मास्टर सुरेन्द्र सिंह, प्रकाश चौधरी, रामकिशोर, सहीराम, गिरीराज, राजेश चौधरी,प्रभाती लाल ईकरोटिया,विजय सिंह चौधरी, हवलदार गिर्राज सिंह, नंबरदार बलबीर सिंह, विजेंद्र सिंह चौधरी गिर्राज सिंह आढ़तिया, महेंद्र सिंह, बिहारी लाल सुबेदार, रणधीर सिंह चौधरी ने भी दोनों को भारतरत्न से विभूषित किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

'द डेथ ऑफ गैलीलियो' का समापन आज

टोंक, (निसं)। एशिया महादीप के सबसे बड़े नाट्यय समारोह भारत रंग महोत्सव (भारंगम) में मंगलवार को कम्युनिटी थिएटर टोंक का नाटक "द डेथ ऑफ गैलीलियो" आसाम में समापन होगा। कम्यूनिटी थिएटर टोंक के मोहित वैष्णव ने बताया कि इस नाट्यय समारोह में राजस्थान से एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्यूनिटी थिएटर टोंक की नाट्यय प्रस्तुति का चयन हुआ है।